दबाव बनाकर मेरे से 10,000/- रुपए लिए थे । जिसने मेरे को कहा तेरा इंतकाल तो कर दिया है कोपी बाद में ले जाना । जब मैं इंतकाल की कॉपी लेने के लिए दिनांक 28.02.2025 को सुरेन्द्र पटवारी के पास गया तो सुरेन्द्र पटवारी ने इंतकाल की कोपी देने की एवेज में 3,000/- बतौर रिश्वत की ओर मांग की मैने उसको पैसे कम करने के लिए कहो लेकिन वह नहीं माना । जबकि इंतकाल की सरकारी फीस बहुत कम होती है और वह मेरे से 3,000/- रुपए रिश्वत की मांग कर रहा है जो यह रिश्वत की राशी मैं सुरेन्दर हल्का पटवारी असन्ध को नहीं देना चाहता और उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए और मैने सुरेन्द्र पटवारी की रिश्वत मांगने बारे रिकार्डिंग की हुई है । जो मैं बाद में आपको प्रस्तुत कर दुंगा । धन्यवाद । -Sd- सुनील कुमार पुत्र मोहन सिंह वासी गांव अलावला तहसील असन्ध जिला करनाल । मो. न. 97296-85486 दिनांक 03.03.2025 कार्यवाही पुलिसः- दिनांक 03.03.2025 को मन निरीक्षक मय साथी कर्मचारी बा सवारी गाडी सरकारी बराए खुफिया डयूटी तहसील असन्ध जिला करनाल के पास मौजूद था कि शिकायतकर्ता सुनील कुमार पुत्र मोहन सिँह वासी गांव अलावला तहसील असंन्ध जिला करनाल ने मुलाकी होकर हालात बतलाकर एक लिखित शिकायत बाबत सरकारी कर्मचारी द्वारा उससे रिश्वत की मांग करने बारे मन निरीक्षक को पेश की । जिस पर मैंने आपको हालात शिकायत से अवगत करवाकर रेड की अनुमति प्राप्त करके राजपत्रित अधिकारी बतौर स्वतन्त्र गवाह नियुकत करवाकर भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत रेड की तैयार की थी, परन्तु उसी दौरान शिकायतकर्ता ने अपने किसी जानकर से मोबाईल पर बात करने के बाद मुझे बतलाया कि जिस सुरेन्द्र हल्का पटवारी तहसील असन्ध, जिला करनाल पर उसने रेड करवानी थी, वह कर्मचारी तहसील से बाहर निकलकर कही चला गया है और उसका फोन भी नहीं लग रहा है शायद उसको मेरे द्वारा रेड करवाने की भनक लग गई है । जिस कारण दिनांक 03.03.2025 को मौका पर रेड की कार्यवाही अमल मे नहीं लाई जा सकी और शिकायतकर्ता ने मुझे पेश की गई शिकायत पर आरोपी सुरेन्द्र हल्का पटवारी तहसील असन्ध, जिला करनाल के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही करने का अनुरोध किया है और उसने आरोपी द्वारा रिश्वत मांगने की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी की हुई है, जिसको मन निरीक्षक द्वारा सुना गया । दरखास्त व रिकॉर्डिंग से जुर्म जेर धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 का घटित होना पाया जाने पर कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल करनाल के पत्र क्रमांक 776/भ्र.नि. ब्युरो दिनांक 06.03.2025 के अनुसार स्वीकृति हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोध ब्युरो हरियाणा पंचकुला के पत्र क्रमांक 4410/शिकायत/72/करनाल/2025 दिनांक 13.03.2025 के अनुसार व कार्यालय पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, करनाल मण्डल करनाल के डायरी नम्बर 665 दिनांक 18.03.2025 के अनुसार स्वीकृति व अनुमोदन उपरान्त कार्यालय पुलिस महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, हरियाणा पंचकुला के पत्र क्रमांक 4934/I-5/ACB(H) दिनांक 21.03.2025 व इस कार्यालय के डायरी नम्बर 700 दिनांक 21.03.2025 के अनुसार से प्राप्त होने पर मुकदमा जेरधारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 के दर्ज करने हेतु थाना मोहरर के हवाले की गई । अभियोग संख्या से सूचित से किया जावे व अभियोग की प्रथम सूचना रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट व उच्च अधिकारियों की सेवा में भेजी जावे । मन निरीक्षक उपरोक्त अभियोग की आगामी अनुसंधान में व्यस्त होता हूँ । अजः- थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, करनाल मण्डल, करनाल । समयः- 08:30 PM Sd/- Tejpal निरीक्षक (तेजपाल) भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, करनाल मण्डल, करनाल दिनांक 21.03.2025

अज थानाः- उपरोक्त तहरीर पर कायमी अभियोग सख्या 11 दिनांक 21-03-2025 धारा 7 पी.सी. एक्ट 1988 थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल, करनाल दर्ज रजिस्टर किया जाकर FIR की कम्पयूटरकृत प्रतिया तैयार करके अभियोग की स्पेशल रिपोर्ट अफसरान बाला वा डयुटी मैजिस्ट्रेट साहब करनाल को बजरियां E-Mail सूचना दी गई । नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर को अफसरान बाला के आदेशानुसार आगामी अनुसन्धान हेतू निरीक्षक तेजपाल भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल, करनाल के हवाले की जायेंगी। उपरोक्त अभियोग प्रबन्धक अफसर थाना के कोड से निरीक्षक सीमा, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, करनाल मण्डल, करनाल की हाजरी में दर्ज रजिस्ट्रर किया गया है।

**13. Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

**(1)** **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or ( या)**

